राष्ट्रीय विद्यापीठ ग्रंथालय

M - 244

Total No. of Pages : 03

Seat No.	

B.A. (Part - I) (Semester - II) Examination, April - 2015
HINDI (Compulsory) (Paper - B)
पाठ्यपुस्तक : प्रयोजनमूलक हिंदीं और कहानी साहित्य
Sub. Code : 61224

Day and Date : Friday, 17 - 04 - 2015 **Total Marks : 50**

Time : 12.00 noon. to 2.00 p.m.

सूचनाएँ : 1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2) दाईं ओर लिखे अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

प्र.1) कोष्टक में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए । [10]

i) 'मर्द' कहानी .... इस कहानी संग्रह से ली गई है ।

(मानसरोवर / आदमखोर / रचनावली / दिन उनके फिरे)

ii) सुशीला .... के मेले में खो जाती है ।

(कुंभ / चैत्र / श्रावण / वृषभ)

iii) .... 'मर्द' कहानी का नायक है ।

(देवेंद्र / राजेंद्र / रामचंद्र / सत्येंद्र)

iv) 'दोपहर का भोजन' कहानी .... जीवन से जुडी है ।

(उच्चवर्गीय / निम्नवर्गीय / मध्यवर्गीय / अतिनिम्नवर्गीय)

v) 'दोपहर का भोजन' कहानी की नायिका .... है ।

(सिद्‌धेश्वरी / योगेश्वरी / राजेश्वरी / सोमेश्वरी)

vi) मोहन .... खाने की जिद कर रहा था ।

(पेढा / चॉकलेट / लड्डू / रेवडी)

P.T.O.

vii) 'त्रिशंकु धर्मशाला में' इस व्यंग्य कहानी के लेखक का नाम .... है ।

(हरिशंकर परसाई / प्रेमचंद / श्रीलाल शुक्ल/ अमरकांत)

viii) रेंट कंट्रोलर का नाम .... है ।

(इंद्र / विश्वामित्र / त्रिशंकु / विश्वनाथ)

ix) 'अंगद का पाँव' में चित्रित कैशियर बाबू ने मित्र को .... रूपए की रेजगारी दी ।

(पाँच / दस / पंद्रह / बीस)

x) 'अंगद' .... का पुत्र है ।

(सुग्रीव / बाली / हनुमान / वायु)

प्र.2) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पत्रों का प्रारूप तैयार कीजिए । **[10]**

i) भरत स्टेशनर्स (कागज के थोक व्यापारी) शिवाजी सर्कल, सातारा; गोपालदास देवीलाल, फोर्ट, मुंबई – 1 के नाम दैनिक 'नवभारत टाइम्स' में आए विज्ञापन का संदर्भ देकर विदेशी कागजों के नमुने तथा न्यूनतम भाव की पूछताछ करते हैं । उपरोक्त पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।

ii) व्यवस्थापक, सुमन वस्त्र भंडार, प्रतापगंज, सातारा से अरविंद टेक्सटाइल्स कंपनी, पटेल चौक, अहमदाबाद के नाम क्रयादेश खंडित (कैंसल) करने का पत्र लिखते है । पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए ।

iii) सारडा ट्रेडर्स (अनाज के थोक विक्रेता), मार्केट यार्ड, सातारा; राधारमण ट्रेडर्स प्रा. लि. चावडी बाजार, दिल्ली – 6 के नाम भुगतान करने का स्मरण दिलाते हुए पत्र लिखते हैं । पत्र का पारुप तैयार कीजिए ।

प्र.3) निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर वृत्तांत लिखिए । **[10]**

i) शहाजीराजे महाविद्यालय, खटाव में आयोजित 'हिंदी दिवस' समारोह का वृत्तांत लिखिए ।

ii) सातारा में आयोजित 'छत्रपती शिवाजी महाराज' जयंती समारोह का वृत्तांत लिखिए ।

iii) महाराष्ट्र में आई बाढ का वृत्तांत लिखिए ।

प्र.4) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [10]

i) 'दोपहर का भोजन' कहानी का आशय स्पष्ट कीजिए ।

ii) विश्वामित्र का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

iii) सुशीला का परिचय दीजिए ।

प्र.5) त्रिशंकु बेचारा! कहानी की कथावस्तु लिखिए । [10]

अथवा

'सिद्धेश्वरी' का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

⊖⊖⊖